# अध्याय -2 | तुलसीदास

## QUIZ-01

1. 'परशुराम के वचन किसके समान कठोर हैं?
   A. वज्र के B. पत्थर के
   C. लोहे के D. इनमें से कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* पाठ में स्पष्ट उल्लेख है कि परशुराम के वचन वज्र के समान कठोर हैं, अर्थात् अटल, अडिग और प्रभावशाली।

2. . परशुराम पृथ्वी जीतकर किसे दान कर चुके हैं?
   A. ब्राह्मणों को B. गुरु को
   C. राजाओं को D. माता-पिता को (A)

*व्याख्या :* परशुराम ने क्षत्रियों को पराजित कर पूरी पृथ्वी ब्राह्मणों को दान कर दी थी। यह उनके पराक्रम और त्याग को दर्शाता है।

3. परशुराम ने किसके प्रेम के कारण लक्ष्मण का वध नहीं किया?
   A. राम के
   B. पिता के
   C. शिव के
   D. विश्वामित्र के (D)

*व्याख्या :* विश्वामित्र का सम्मान करने के कारण वे लक्ष्मणजी का वध नहीं करते।

4. परसु का अर्थ है?
   A. फरसा
   B. तलवार
   C. चाकू
   D. उपर्युक्त में कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* परशुराम के नाम में 'परसु' का अर्थ 'फरसा' है, जो उनका मुख्य अस्त्र था।

5. 'परशुराम किस कुल के घोर शत्रु हैं?
   A. ब्राह्मण
   B. वैश्य
   C. इनमें से कोई नहीं
   D. क्षत्रिय (D)

*व्याख्या :* परशुराम क्षत्रिय कुल के विरोधी थे क्योंकि उन्होंने अत्याचारी क्षत्रियों को 21 बार नष्ट किया।

6. तुलसीदास का जन्म किस जिले में हुआ था?
   A. वाराणसी
   B. बांदा जिला
   C. लखनऊ
   D. गोरखपुर (B)

*व्याख्या :* तुलसीदास का जन्म उत्तर प्रदेश के बाँदा जिले के राजापुर गाँव में हुआ था।

7. रामचरितमानस किस भाषा में लिखी गई है?
   A. भोजपुरी में B. अवधी भाषा में
   C. अंग्रेजी में D. ब्रज भाषा में (B)

*व्याख्या :* तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस अवधी भाषा में लिखी गई है, जो हिंदी की एक प्रमुख उपभाषा है।

8. शिवजी का धनुष तोड़ने वाले को परशुराम अपना क्या समझते हैं?
   A. पड़ोसी B. भाई
   C. शत्रु D. मित्र (C)

*व्याख्या :* परशुराम को यह विश्वास होता है कि जिसने शिवजी का धनुष तोड़ा है, वह उनका विरोधी या शत्रु है।

9. लक्ष्मण का यह कथन 'एक फूँक से पहाड़ उड़ाना' परशुराम के किस गुण को दर्शाता है?
   A. योद्धा
   B. कायर
   C. मूर्खता
   D. साहसी (A)

*व्याख्या :* लक्ष्मण व्यंग्य में परशुराम की शक्ति का उल्लेख करते हैं, जिससे उनकी युद्ध क्षमता और योद्धा स्वरुप स्पष्ट होता है।

10. सहस्त्रबाहु का वध किसने किया था?
   A. परशुराम ने
   B. लक्ष्मण ने
   C. विश्वामित्र ने
   D. राम ने (A)

*व्याख्या :* अत्याचारी राजा सहस्त्रबाहु का वध परशुराम ने किया था, जिससे उनका पराक्रम स्थापित हुआ।

DESH KA APNA SCHOOL